आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

01.04.2024 समय : 1850

- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए ई वी एम तैयार करने का कार्य तीन अप्रैल को किया जाएगा।
- द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी एस जगलान ने मतदाताओं से जागरूक मतदाता बनने की अपील की है।
- द्वीपसमूह में चुनावी पाम्प्लेट्स और पोस्टर छापते समय उस पर प्रकाशक और मुद्रक का नाम और पता अच्छी तरह से अंकित करने को कहा गया है।
- भारतीय विमानन प्रधिकारण आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है।
- उन्नीस किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी–सिलेण्डर के दामों में कमी की गई है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए ई वी एम तैयार करने का कार्य तीन अप्रैल को किया जाएगा। इस अवसर पर उम्मीदवार और उनके प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। आज दक्षिण अंडमान ज़िला कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में ई वी एम का दूसरा रेन्डमाइजेशन का कार्य किया गया। निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा की अध्यक्षता में हुई रेन्डमाइजेशन के कार्य के दौरान सामान्य पर्यवेक्षक बी.एन सिंह, ईवीएम और एमसीसी के नोडल अधिकारी विनायक छमाडिया, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार और उनके प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारतीय चुनाव आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुसार इस कार्य को आज अंजाम दिया गया। द्वीपों के लिए नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक बी.एन सिंह ने कहा कि ईवीएम का रेन्डमाइजेशन का कार्य चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कराना इस बात का प्रमाण है कि द्वीपों में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सम्पन्न हो सके। भारतीय चुनाव आयोग द्वारा विकसित ई एम एस सॉफट्वेयर में ई वी एम रेन्डमाइजेशन का कार्य किया गया। आज आठ सौ सात बैलेट यूनिट, आठ सौ सात कन्ट्रोल यूनिट और आठ सौ अड़तालीस वी वी पैट का रेन्डमाइजेशन का कार्य किया गया और इस पूरी प्रकिया की वीडियोग्राफी भी की गई। ई वी एम का अंतिम रेन्डमाइजेशन करने से पहले इस पूरी प्रकिया के लिए दो ट्रायल भी किया गया, ताकि उम्मीदवार और उनके प्रतिनिधि को इसकी अच्छी तरीके से जानकारी हासिल हो सके। ई वी एम की सूची भी चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों को दिखाया गया।

<><><><><><>

द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी एस जगलान ने मतदाताओं से जागरूक मतदाता बनने की अपील की है। आकाशवाणी से बातचीत में उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए के वाई सी ऐप का इस्तेमाल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों को चुनाव आयोग के निर्देशानुसार नामांकन दाखिल करते समय दिए गए शपथ पत्र को भी सार्वजनिक करना होगा।

<><><><><><>

द्वीपों के निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने सभी प्रिंटिंग प्रेस इकाईयों से चुनावी पाम्प्लेट्स और पोस्टर छापते समय उस पर प्रकाशक और मुद्रक का नाम और पता अच्छी तरह से अंकित करने को कहा है। निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव आयोग की ओर से जारी दिशा–निर्देशों का हवाला देते हुए सभी से नियमों का पालन करने को कहा। उन्होंने कहा कि किसी भी इकाई द्वारा चुनावी पाम्प्लेट और पोस्टर तब तक नहीं छापे जा सकते, जब तक प्रकाशक की पहचान उनके हस्ताक्षर के साथ दो व्यक्तिगत रूप से उन्हें पहचानने वाले लोगों के साथ प्रिंटर को इसकी प्रतिलिपि नहीं दी जाती। उन्होंने प्रिंटिंग प्रैस मालिकों से अनुरोध किया कि वे नियमों का पालन करें और चुनाव सामग्रियां के मुद्रण करते समय पूरी सावधानी बरतें। इसके अलावा प्रिंटिंग प्रेस को सभी चुनावी पाम्प्लेट्स और पोस्टर पर प्रिंट लाईन पर प्रकाशक का नाम और पता छापने होंगे। छापे गए सामग्रियों को तीन अतिरिक्त कॉपी के साथ मुद्रण के तीन दिनों के भीतर इसे दक्षिण अंडमान के चुनाव व्यय निगरानी के नोडल अधिकारी के पास भेजना होगा। नियमों के उल्लंघन के मामले को गंभीरता से लिया जाएगा और प्रिंटिंग प्रेस के लाइसेंस रद्द करने के साथ उन पर दंडनात्मक कार्रवाई भी किया जा सकता है।

<><><><><><>

लोकसभा चुनाव दो हजार चौबीस के लिए डीब्रेट के सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे के बीच कल और तीन अप्रैल के अलावा पांच, नौ तथा दस अप्रैल को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><>

भारतीय विमानन प्रधिकारण आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। इस सिलसिले में पोर्ट ब्लेयर के वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में कार्यक्रम आयोजित किया गया। खेलकूद की प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुई। एयरपोर्ट निदेशक देवेन्दर यादव ने भारतीय विमानन प्राधिकरण के अध्यक्ष के संदेश को पढ़कर सुनाया और कहा कि हवाई अड्डा त्वरित, सुरक्षित और परिवहन का सुरक्षित माध्यम है जो विश्व में समुदायों और कारोबार को जोड़ता है। हवाई अड्डा आर्थिक विकास का भी एक प्रमुख माध्यम है। अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन के अध्ययन के अनुसार हवाई परिवहन में किए गए सौ रूपये के निवेश से तीन सौ पच्चीस रूपये का लाभ मिलता है और इसके माध्यम से रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होते हैं। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह देश की सामरिक महत्व के लिए देश का एक प्रमुख केन्द्र है। भारतीय विमानन प्राधिकरण इस क्षेत्र में नागरिक उड्डयन की मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। एयरपोर्ट निदेशक ने कहा कि पिछले वर्ष नए टर्मिनल भवन के उद्घाटन के बाद इस वर्ष जनवरी में कुछ और सुविधाएं जोड़ी गई है, इससे वाहनों के परिचालन में और सुविधा होगी।

<><><><><><>

तेल विपणन कंपनियों ने देश भर में उन्नीस किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेण्डर के दाम कम कर दिए हैं। इनमें अलग–अलग शहरों में तीस से बत्तीस रूपये तक की कटौती की गई है। दिल्ली में वाणिज्यिक सिलेण्डर की कीमत एक हजार सात सौ पिचानब्बे रुपए से घटकर अब एक हजार सात सौ चौंसठ रुपये हो गई है। कोलकाता में इसकी कीमत एक हजार आठ सौ उन्यासी, मुम्बई में एक हजार सात सौ सत्रह और चेन्नई में एक हजार नौ सौ तीस रुपये हो गई है। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में बत्तीस रूपये की कटौती की गई है। पिछले महीने इसकी उन्नीस किलोग्राम की कीमत दो हजार दो सौ तेईस रूपये थी, जो अब घटकर दो हजार एक सौ इक्यानब्बे रूपये हो गई है।

<><><><><><>

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने सीयूईटी में आवेदन करने की अंतिम तारीख बढ़ाकर पांच अप्रैल कर दी है। अब छात्र पांच अप्रैल को रात नौ बजकर पचास मिनट तक आवेदन कर सकते हैं। इससे पहले आवेदन की अंतिम तिथि इक्तीस मार्च थी। दिल्ली विश्वविद्यालय में स्नातक में दाखिले की प्रक्रिया के लिए छात्रों को तीन चरणों का पालन करना होगा। पहले चरण के तहत छात्रों को सीयूईटी के पोर्टल पर नामांकन करना होगा और निर्धारित फीस भरनी होगी। नामांकन के बाद छात्र पोर्टल पर मौजूद विश्वविद्यालयों में अपनी योग्यता के अनुसार आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><>